Centenary Year of Bihar Chamber of Commerce & Industries

The Bihar Chamber of Commerce & Industries (BCCI), established in 1926, is one of India's oldest apex organizations representing trade and industry. For a century, it has worked towards promoting commerce, industry, entrepreneurship and economic development in Bihar, while serving as an important link between the Government and the business community. Maintaining a strictly non-political character, the Chamber has consistently advocated industrial development, improved infrastructure, modern trade practices, investment and progressive economic policies.

Over the decades, BCCI has contributed to the development of Bihar's economic institutions, including playing a significant role in the establishment of the Magadh Stock Exchange at Patna. It has also promoted cooperation among industry, academia and policymakers and supported various national and social causes, including literacy, skill development, employment generation, national security and social reform.

The Chamber has maintained a strong tradition of humanitarian service. During recurring floods and other natural calamities, it has organized extensive relief operations, distributing food grains, drinking water, medicines, utensils and other essential supplies to affected communities. Its relief efforts have also extended beyond Bihar, including assistance to victims of the Nepal earthquake and provision of cattle feed during severe floods to safeguard livestock and rural livelihoods.

Recognizing the importance of women's empowerment, the Chamber introduced free vocational training in computer classes and tailoring etc followed by the establishment of a dedicated training centre for women. The centre aims to equip women with employable skills, enabling them to become economically self-reliant.

The Chamber's growing national stature was reflected in the participation of eminent leaders, with Dr. Rajendra Prasad, the first President of India, gracing its Silver Jubilee celebrations in 1952, followed by visits of Presidents V. V. Giri and R. Venkataraman, and Prime Minister Smt. Indira Gandhi. Dr. A. P. J. Abdul Kalam inaugurated its Platinum Jubilee celebrations in 2003 and visited again in March 2006, describing BCCI as an "active partner in the development of an economically strong New Bihar".

The Department of Posts is pleased to issue a Commemorative Postage Stamp to mark the centenary year of Bihar Chamber of Commerce & Industries, recognising its significant contribution to the promotion of trade, industry, entrepreneurship, social welfare and economic development in Bihar, and its role in fostering the State's growth and nation-building.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Ms. Mahima Jain
Text	:	Based on the content provided by the proponent.

भारतीय डाक
डाक सेवा जन सेवा
India Post
Dak Sewa-Jan Sewa

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS



बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का शताब्दी वर्ष
Centenary Year of Bihar Chamber of Commerce & Industries

विवरणिका BROCHURE

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का शताब्दी वर्ष

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज (बीसीसीआई) की स्थापना वर्ष 1926 में हुई थी। यह व्यापार और उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत के सबसे पुराने शीर्ष संगठनों में से एक है। यह संगठन एक सदी से, सरकार और व्यावसायिक समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सेवा प्रदान करते हुए, बिहार में वाणिज्य, उद्योग, उद्यमिता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु कार्य कर रहा है। राजनैतिक दृष्टि से बिल्कुल निष्पक्ष रहते हुए, इस चैम्बर ने औद्योगिक विकास, बेहतर अवसंरचना, आधुनिक व्यापार प्रथाओं, निवेश और प्रगतिशील आर्थिक नीतियों का निरंतर समर्थन किया है।

पिछले कई दशकों से, बीसीसीआई का बिहार के आर्थिक संस्थानों के विकास में योगदान रहा है, जिसमें पटना में 'मगध स्टॉक एक्सचेंज' की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जाना भी शामिल है। बीसीसीआई ने उद्योग, शिक्षा जगत और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को भी बढ़ावा दिया है तथा साक्षरता, कौशल विकास, रोजगार सृजन, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामाजिक सुधार सहित विभिन्न राष्ट्रीय व सामाजिक मुद्दों का समर्थन किया है।

चैम्बर ने मानवीय सेवा की परंपरा को बनाए रखा है। बार–बार आने वाली बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान, इसने प्रभावित समुदायों को खाद्यान्न, पेय जल, दवाएं, बर्तन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करते हुए व्यापक राहत अभियान चलाए हैं। चैम्बर के राहत कार्य बिहार तक ही सीमित नहीं रहे। बीसीसीआई ने नेपाल में भूकंप पीड़ितों को सहायता प्रदान करने से लेकर, भीषण बाढ़ के दौरान पशुधन एवं ग्रामीण आजीविका की सुरक्षा के लिए मवेशियों को चारा भी उपलब्ध कराया।

महिला सशक्तिकरण के महत्व को ध्यान में रखते हुए, चैम्बर द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई आदि में निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर एक समर्पित निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की। इस केंद्र का लक्ष्य महिलाओं को रोजगारपरक कौशल से लैस करना है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

चैम्बर का बढ़ता राष्ट्रीय महत्व, प्रतिष्ठित नेताओं की भागीदारी से परिलक्षित होता है। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1952 में मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीआई के रजत जयंती समारोह की शोभा बढ़ाई। तत्पश्चात् माननीय राष्ट्रपति वी.वी. गिरि और आर. वेंकटरमन एवं प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने बीसीसीआई का दौरा किया। वर्ष 2003 में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने इसके प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन किया और पुनः मार्च 2006 में बीसीसीआई का दौरा कर, इसे "आर्थिक रूप से सुदृढ़ नए बिहार के विकास में सक्रिय भागीदार" के रूप में वर्णित किया।

डाक विभाग, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है। यह डाक–टिकट बिहार में व्यापार, उद्योग, उद्यमिता, सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में बीसीसीआई के महत्वपूर्ण योगदान तथा राज्य के विकास एवं राष्ट्र–निर्माण को संपोषित करने में इसकी अग्रणी भूमिका को रेखांकित करता है।

आभार:

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका

विरूपण कैशे	:	सुश्री महिमा जैन
पाठ	:	प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री पर आधारित

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्य	:	500 पैसे
Denomination	:	500 p
मुद्रित डाक टिकटें	:	305100
Stamps Printed	:	305100
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamps, Miniature Sheets, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00